दिनांक 19.03.2025 को संपन्न केन्द्रीय विद्यालय हटा की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

केन्द्रीय विद्यालय हटा की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक दिनांक 19.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे केन्द्रीय विद्यालय हटा के प्राचार्य कक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय एस. डी. एम. सह नामित-अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति श्री राकेश सिंह मरकाम जी ने की। सभी सदस्यों की उपस्थिति सूची संलग्न है।

सर्वप्रथम प्राचार्य श्री रितेश कुमार पटेल ने माननीय एस. डी. एम. सह नामित-अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति और सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया।

सभी सदस्यों के परिचय के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक के एजेंडे पर निम्नानुसार बिन्दुवार चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया।

1. **विद्यालय का नवीन विद्यालय परिसर में स्थानान्तरण :**
   जिला प्रशासन के प्रशासनिक हस्तक्षेप एवं आयुक्त केविसं नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिसम्बर-2024 को केंद्रीय विद्यालय हटा का मॉडल स्कूल परिसर से लालटेक स्थित नवीन विद्यालय परिसर में स्थानान्तरण हो गया है. प्राचार्य के. वि. हटा ने इस सहयोग के लिए कलेक्टर महोदय दमोह एवं एसडीएम महोदय हटा का विशेष आभार व्यक्त किया ।

   -अध्यक्ष महोदय ने केंद्रीय विद्यालय हटा के नवीन विद्यालय परिसर में स्थानान्तरण पर हर्ष एवं संतोष व्यक्त किया।

2. **शैक्षणिक विचार विमर्श :**

   अ) सत्र 2023-24 में कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा-10 का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा । इस सत्र में हमारा लक्ष्य कक्षा दसवीं के लिए गुणात्मक सुधार के साथ शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम का है। इस वर्ष कक्षा -12 वीं का पहला बैच सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा दे रहा है। इस सत्र में हमारा लक्ष्य कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने का है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विद्यालय में सितम्बर माह से ही उपचारात्मक कक्षाएँ शुरू कर दी गयीं थीं। शीतावकाश के दौरान भी कक्षा 9 वीं से 12वीं के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु भी 12 दिनों के लिए विशेष उपचारात्मक कक्षाएँ लगायी गयीं थीं। इन कक्षाओं का मकसद प्रत्येक बच्चे के विषयवार कमजोर पक्ष में सुधार लाना एवं कमजोर बच्चों में न्यूनतम स्तर का अधिगम/ Minimum Level of Learning (विषयवस्तु का लगभग 50%) प्राप्त करना है।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

मनोनीत अध्यक्ष
NAMINEE CHAIRMAN
केन्द्रीय विद्यालय हटा
K.V. HATTA

ब) कक्षा -1 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत दिनांक 07.03.2025 से हो गयी है। आवेदन की अंतिम तिथि 21.03.2025 है। दिनांक 25.03.2025 को केविसं मुख्यालय द्वारा दिए गये स्लॉट (अपराह्न 02.00 बजे से 03.30 बजे के बीच) के अनुसार ऑनलाइन लॉटरी के द्वारा अनंतिम प्रवेश सूची जारी की जायेगी ।

स) नए सत्र का प्रारंभ 1 अप्रैल से शुरू होगा हैं। एनसीईआरटी के निर्देशानुसार अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में कक्षा- 1 से 8 तक ले लिए ब्रिज कोर्स चलाया जायेगा ताकि पिछली कक्षाओं के अधिगम अंतराल को दूर कर एवं नयी पुस्तक तथा पाठ्यवस्तु के बारें में बच्चों को अवगत कराया जा सके।

3. **स्टाफ की स्थिति एवं क्षमता निर्माण** : विद्यालय में वर्तमान में कुल 33 स्वीकृत पदों में से 20 पद भरें हैं और 13 पद रिक्त हैं ।

Sl. No.	Post	Sanctioned Post	In-position	Clear Vacant Posts	REMARK
1	PRINCIPAL	1	1	0	
2	PGTs	9	7	2	2 Posts vacant for PGT(Phy) & PGT(Eco).
3	TGTs	7	5	2	2 Posts vacant for TGT(S.Sc.) & TGT(Skt)
4	LIBRARIAN	1	1	0	Librarian-01/01
5	PRT	6	4	0	PRTs-05/07
6	PRT (Music)	1	1	0	
7	SSA	1	0	1	Ministerial Staff- 01/08, 07 Vacancies
22	JSA	1	1	0	
23	SUB-STAFF	6	0	6	
TOTAL		33	20	13	

एनईपी-2020 की अनुशंसा तथा सीबीएसई एवं केविसं के निर्देशानुसार सभी शिक्षकों में क्षमता निर्माण (Capacity Building) के लिए सतत व्यावसायिक विकास (CPD) के अंतर्गत 50 घंटे का ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कोर्स करना अनिवार्य है इस हेतु केवि /संकुल/संभाग/अंचल स्तर पर शिक्षकों के लिए विभिन्न विषयों पर कार्यशालायें आयोजित की जाती हैं।

- अध्यक्ष महोदय ने शैक्षणिक उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयास एवं नियमित शिक्षकों की वर्तमान संख्या पर संतोष व्यक्त किया।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

मनोनीत अध्यक्ष
NAMINEE CHAIR
केन्द्रीय विद्यालय हटा
K V HATTA

4. विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ :

अ) केविसं संभागस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा-12 वीं के ओम शर्मा ने तवा फेंक एवं लम्बी कूद प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा -9 वीं की मानवी तिवारी ने कलात्मक योग में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

ब) "एक भारत श्रेष्ठ भारत " कार्यक्रम के अंतर्गत केविसं के संभाग-स्तर पर आस्था राजपूत (कक्षा -11 वीं) ने लोक-कथा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान एवं संकुल स्तर पर वादन-प्रतियोगिता में कृष्णा गौतम (कक्षा – 10 वीं) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

स) परीक्षा पे चर्चा-2025 कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय दमोह में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया था । इस प्रतियोगिता में दमोह जिले के लगभग सभी सीबीएसई स्कूल से कुल मिलकर 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में शिवानी गोस्वामी (कक्षा-9 वीं) एवं काजल पटेल (कक्षा -11 वीं) ने दमोह जिले में क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

द) विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में अक्षिता गोस्वामी (कक्षा -11 वीं) एवं मोहित गर्ग (कक्षा – 9 वीं) ने दमोह जिले में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया । अनूसूचित जाति वर्ग में कक्षा -10 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के कारण विशाखा अहिरवार का चयन " भारत दर्शन" के लिए किया गया था । वीर गाथा पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी मयंक पटेल (कक्षा- 8 वीं) का नाम दमोह जिले से चयनित कर म.प्र. शासन भोपाल को भेजा गया है।

- अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष एवं संतोष व्यक्त किया।

5. विद्यालय के समय में परिवर्तन:

हटा क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुये विद्यालय का समय प्रातः 07.30 बजे से दोपहर 01.40 बजे तक करने का प्रस्ताव वि. प्र. स. द्वारा अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा समय परिवर्तन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

6. निर्माणाधीन भवन की वर्तमान स्थिति एवं समस्याएँ: के. वि. हटा नगर के निर्माणाधीन विद्यालय भवन का निर्माण कार्य विगत 25-30 दिनों से बंद है । शेष कार्यों में खेल के मैदान का विकास प्रमुख है । इस संबंध में कलेक्टर महोदय द्वारा आयुक्त केविसं, नई दिल्ली को पत्र लिख कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है ।

- अध्यक्ष महोदय द्वारा इस मामले में पूर्वानुसार हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

मनोनीत अध्यक्ष
NAMINEE CHAIRMAN
केन्द्रीय विद्यालय हटा
K V HATTA

7. **ढांचागत सुविधाओं के विकास में की गई नवीन खरीदी का विवरण:** विद्यालय में ढांचागत सुविधाओं के विकास को ध्यान में रखते हुये माननीय अध्यक्ष महोदय/ नामित अध्यक्ष महोदय एवं केविसं के सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से GeM Portal के माध्यम से निम्न सामाग्री/ उपकरणों की खरीदी अप्रैल-2024 माह से अब तक की गई है:

स. क्र.	खरीदी गई सामग्री	संख्या	दर	कुल राशि	रिमार्क
1.	फर्नीचर (ड्यूल डेस्क)	75(उच्चतर माध्यमिक) 60(बुनियादी/प्राथमिक)	4500/- 4271/-	5,93,760	सूचनार्थ प्रस्तुत
2.	कक्षाओं के लिए	आई एफ पी (12)	1,98,000/-	23,76,000/-	केविसं (मु.) से प्रशा. एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त

8. **विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परिक्षण:**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल माह में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परिक्षण की योजना है इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने विप्रस सदस्य डॉ. उमा शंकर पटेल से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य करने हेतु चिकित्सक एवं नर्स का एक दल भेजने का आग्रह किया ।

- बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टर उमाशंकर पटेल ने अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में एक चिकित्सकीय टीम विद्यालय भेजने का आश्वासन दिया।

9. **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय:**

बैठक में विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से स्थानीय विषय विशेषज्ञों के माध्यम से विशेष कार्यशालाओं के आयोजन का प्रस्ताव श्री पी. के. ढाका (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय हटा) एवं डॉ. मनोज कुमार अहिरवार (वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक) द्वारा रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के अंत में श्री रितेश कुमार पटेल, प्राचार्य के. वि. हटा ने अध्यक्ष महोदय एवं सभी उपस्थित सदस्यों का बैठक में अपनी उपस्थिति देने के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

****

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

मनोनीत अध्यक्ष
NAMINEE CHAIRMAN
केन्द्रीय विद्यालय हटा
K V HATTA

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यगण:

S. No.	NAME	MEMBERSHIP DETAILS	SIGNATURE
1.	DR. P. K. DHAKA (PRINCIPAL, SHRI R.S. HAZARI GOVT. DEGREE COLLEGE, HATTA)	EMINENT EDUCATIONIST	
2.	MR. A. K. SINGH (SENIOR LECTURER, DIET HATTA)	EMINENT EDUCATIONIST	
3.	MR. RAVI KUMAR SONI (ARI, NAGAR PALIKA, HATTA)	EMINENT PERSON IN THE FIELD OF CULTURE	
4.	MR. RAJENDRA KHARE (CMO, NAGAR PALIKA HATTA)	CO-OPTED MEMBER	
5.	DR. UMASHANKAR PATEL (BMO, HATTA)	RENOWED LOCAL DOCTOR	
6.	MR. MANOJ KUMAR AHIRWAR (SR. SCIENTIST & HEAD, AGRICULTURE SCIENCE CENTRE, DAMOH)	SC/ST REPRESENTATIVE	
7.	MR. DEVENDRA PATEL	PARENT MEMBER	
8.	MRS. RAJNI RAJPUT	PARENT MEMBER	
9.	MR. NATHURAM KORI (BRANCH MANAGER, POST OFFICE HATTA)	CGEWC REPRESENTATIVE	
10.	MR. BHAGIRATH TANTUWAY (SUB. ENGINEER, RES, HATTA)	TECHNICAL MEMBER	
11.	MR. NARAYAN SINGH LODHI TGT (ENG.)	TEACHER MEMBER	
12.	MR. RITESH KUMAR PATEL PRINCIPAL, KV HATTA	SECRETARY, VMC	

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय हटा

NOMINEE CHAIRPESON

VIDYALAYA MANAGEMENT COMMITTEE

मनोनीत अध्यक्ष
NAMINEE CHAIRMAN
केन्द्रीय विद्यालय हटा
K V HATTA